दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 24 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार में आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए एआई नीति बनायी जायेगी।

02. पन्द्रहवीं विधानसभा में ओबरा से विधायक रहे सोम प्रकाश सिंह की पेंशन बंद। विधानसभा सचिवालय ने जारी किया आदेश।

03. सिक्किम उच्च न्यायालय की वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी एम. राय पटना हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश होंगी।

04. और, दक्षिण बिहार के अधिकांश जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में। पटना सहित दर्जनभर शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार को एआई हब बनाया जायेगा और इसके लिए जल्द ही एआई नीति बनायी जायेगी। उन्होंने पटना में दो दिवसीय बिहार एआई समिट दो हजार छब्बीस का शुभारंभ करते हुये कहा कि एआई का इस्तेमाल बढ़ने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई आधारित विकास से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

———साउंड बाइट———

श्री चौधरी ने कहा कि एआई के माध्यम से बिहार देश के अग्रणीय विकसित राज्य में शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को एआई का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में देशभर के एआई विशेषज्ञ, स्टार्टअप, डेवलपर्स और शोधकर्ता समेत हजारों की संख्या में छात्र शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में विकास के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर में सिंचाई परियोजनाओं के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराकर उत्पादन में बढ़ोतरी लाना लक्ष्य है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने पटना सिटी में आयोजित दो दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का उद्घाटन करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य की एनडीए सरकारें समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता पार्टी की रीढ हैं और उनके ही बल पर पार्टी का विस्तार हो रहा है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला वैचारिक संगठन भी है। इस अवसर पर पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद समेत कई सांसद, विधायक और कार्यकर्ता मौजूद थे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज समापन सत्र को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद में जदयू के ललन सर्राफ और भाजपा के राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को सदन का उपनेता मनोनीत किया गया है। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अनुशंसा पर इन नेताओं को उपनेता की मान्यता दी है। वहीं, सभापति ने संजय सिंह को सत्तारूढ़ दल का मुख्य सचेतक, जबकि जनक राम को उपमुख्य सचेतक बनाया है। नीरज कुमार और रीना देवी को सचेतक मनोनीत किया गया है। संसदीय कार्य विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————

पन्द्रहवीं विधानसभा में ओबरा से सदस्य रहे सोम प्रकाश सिंह की पेंशन बंद कर दी गयी है और सदस्यों की सूची से उनका नाम हटा दिया गया है। विधानसभा की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। गौरतलब है कि सोम प्रकाश सिंह दो हजार दस में औरंगाबाद जिला की ओबरा विधानसभा सीट से निर्दलीय निर्वाचित हुये थे। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे जदयू उम्मीदवार प्रमोद चन्द्रवंशी ने उनके निर्वाचन को चुनौती दी थी। दो हजार चौदह में पटना उच्च न्यायालय ने सोम प्रकाश सिंह के निर्वाचन को रद्द कर दिया था। इसके खिलाफ वे सुप्रीम कोर्ट गये थे। सुप्रीम कोर्ट ने भी पिछली अट्ठाईस जनवरी को पटना हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा था। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में विधानसभा सचिवालय ने सोम प्रकाश सिंह की पेंशन बंद कर दी है।

———————————————————————

सिक्किम उच्च न्यायालय की वरिष्ठ न्यायाधीश न्यामूर्ति मीनाक्षी एम. राय पटना हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने इसकी अनुशंसा केन्द्र सरकार को भेजी है। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू आगामी चार जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। न्यायमूर्ति मीनाक्षी उनकी जगह पर मुख्य न्यायाधीश का पद ग्रहण करेंगी।

———————————————————————

युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग पटना के ज्ञान भवन में कल से तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है। मेले में स्वास्थ्य और सम्बद्ध क्षेत्र की कई कंपनियां भाग ले रही हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार रोजगार सेतु पोर्टल पर पंजीकरण कर नियोजक संस्थानों में आवेदन तथा स्लॉट बुक करा सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1800—296—5656 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

———————————————————————

राज्य सरकार प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में मोक्षधाम बनाएगी। इसका निर्माण ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम कराया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि प्रत्येक शवदाह गृह के निर्माण में बाईस लाख रूपये खर्च होंगे। इसका निर्माण सात निश्चय—तीन के तहत किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि अंतिम संस्कार के चौबीस घंटे के अंदर मृत्यु प्रमाण पत्र परिजनों को दिये जायेंगे।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने विकसित भारत—जी राम जी अधिनियम, दो हजार पच्चीस के तहत व्यापक जन परामर्श के लिए मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था इक्कीस जून तक मसौदा नियमों पर आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

———————————————————————

प्रदेश का दक्षिणी भाग लगातार लू की चपेट में चल रहा है हालांकि उत्तर बिहार में नमीयुक्त हवा से थोड़ी राहत है। पटना सहित दर्जन भर शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। औरंगाबाद, भभुआ और बक्सर में लू की चेतावनी जारी की गई है। पूरे राज्य में सबसे ज़्यादा गर्म स्थान डेहरी रहा जहां अधिकतम तापमान पैंतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, कैमूर का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव चार, बक्सर का तैंतालीस दशमलव पांच, शेखपुरा का तैंतालीस दशमलव दो, औरंगाबाद का तैंतालीस दशमलव एक और गया का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज

किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटे के दौरान राज्य के दक्षिण भाग का मौसम गर्म और शुष्क बना रहेगा। दूसरी तरफ प्रदेश के उत्तर–पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों के जिलों में मेघगर्जन और बारिश की चेतावनी दी गई है। अररिया, सुपौल, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में वज्रपात और तेज हवाओं की संभावना है।

–––साउंड बाईट–––

———————————————————————————

राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक और आर्थिक विकास में व्यापारिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पटना में बिहार चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि बिहार के आर्थिक विकास में इस संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार, उद्योग जगत और समाज के बीच मजबूत साझेदारी से ही विकास को गति प्रदान की जा सकती है।

———————————————————————————

प्रदेश में ग्यारह हजार सम्पर्क–विहीन बसावटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए चौदह हजार किलोमीटर नई सड़कें बनायी जायेगी। ग्रामीण कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, अवशेष के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जायेगा। विभाग ने राज्यव्यापी सर्वेक्षण अभियान चलाकर छूटी हुई बसावटों की पहचान की है।

———————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज दो मैच खेले जाएंगे। मुंबई इंडियंस का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा। वहीं, दिन का दूसरा मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जायेगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम साढे सात बजे शुरू होगा। इधर, कल पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया।

———————————————————————————

रांची में आयोजित उनतीसवीं सीनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुषों की सौ मीटर दौड़ में बिहार के विभास्कर कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विभास्कर ने दस दशमलव तीन नौ सेकंड में सौ मीटर की रेस पूरी की। वहीं, पंजाब के

गुरिंदरवीर सिंह ने दस दशमलव शून्य नौ सेकेंड में यह दौड़ पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– पटना में पेट्रोल एक सौ दस रूपये और डीजल छियानवे रूपये के पार।

दैनिक जागरण मौसम की खबर पर लिखता है– झुलसा रही गर्मी, चालीस के पार हुआ पटना सहित तेरह शहरों का तापमान।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– नीतीश कुमार को मिलेगा वीवीआई प्रोटोकॉल अब रनवे तक जायेगी गाड़ी।

प्रभात खबर ने राज्य सरकार के निर्णय पर लिखा है–नीट–यूजी में शामिल होने वाले छात्रों के लिए बिहार की सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा।

आज अखबार की सुर्खी है– पीएम मोदी ने इक्यावन हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र। पटना में एक सौ चौदह अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र।

राष्ट्रीय सागर ने कृषि मंत्री विजय सिन्हा के हवाले से लिखा है–एग्री टेक के तहत छियासी लाख किसानों के निबंधन का लक्ष्य।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– बिहार में आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के लिए एआई नीति बनायी जायेगी।

02. पन्द्रहवीं विधानसभा में ओबरा से विधायक रहे सोम प्रकाश सिंह की पेंशन बंद। विधानसभा सचिवालय ने जारी किया आदेश।

03. सिक्किम उच्च न्यायालय की वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी एम. राय पटना हाई कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश होंगी।

04. और, दक्षिण बिहार के अधिकांश जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में। पटना सहित दर्जनभर शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।